**मूल हिंदी में**

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 164**

दिनांक 04.12.2023 को उत्तर के लिए

**राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत धनराशि**

**164. श्री जुगल किशोर शर्मा:**
**श्री सुनील कुमार पिन्टु:**
**श्री रमेश चन्द्र कौशिक:**
**श्रीमती लॉकेट चटर्जी:**
**श्रीमती नवनित रवि राणा:**
**श्रीमती गीता कोडा:**
**श्री अजय कुमार मंडल:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत वायु प्रदूषण को रोकने, नियंत्रित करने और कम करने के लिए महाराष्ट्र, बिहार, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, झारखंड और पूरे देश में चिह्नित किए गए शहरों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उन शहरों के लिए निर्धारित लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है और इसके लिए क्या रूपरेखा तैयार की गई है और इन लक्ष्यों को कब तक प्राप्त कर लिए जाने की संभावना है; और

(ग) क्या पन्द्रहवें वित्त आयोग ने उपर्युक्त चिह्नित शहरों को कार्य-निष्पादन आधारित अनुदानों की अनुशंसा की है और यदि हां, तो अब तक स्वीकृत, जारी और व्यय की गई धनराशि का शहर-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री**
**(श्री अश्विनी कुमार चौबे)**

**(क), (ख) और (ग):**

वायु गुणवत्ता में सुधार लाने के उपाय करने हेतु मानकों को प्राप्त न करने वाले 131 शहरों और दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों/ नगरीय समूहों में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) कार्यान्वित किया गया है। एनसीएपी के अंतर्गत महाराष्ट्र के 19 शहर, बिहार के 3 शहर, हरियाणा का एक शहर, जम्मू और कश्मीर के दो शहर और झारखंड के 3 शहर शामिल किए गए हैं। 131 शहरों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

एनसीएपी के अंतर्गत 24 राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के 131 शहरों में आधार वर्ष 2017 की तुलना में वर्ष 2024 तक विविक्त कण सांद्रताओं में 20-30% कमी लाने का लक्ष्य प्राप्त करने की परिकल्पना की गई है। इसके बाद, इस लक्ष्य को आधार वर्ष 2019-20 की तुलना में वर्ष 2025-26 तक विविक्त कण

सांद्रताओं के संदर्भ में 40% कमी लाने या राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों (एनएएक्यूएस) को प्राप्त करने के रूप में संशोधित किया गया है।

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा निधियों की उपयोगिता तथा आबंटन के संबंध में जारी संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुसार, मानकों को पूरा न करने वाले 82 शहरों को PM10 सांद्रताओं में 40% तक की समग्र कमी हासिल करने के लिए इसमें 3-15% की कमी लाने का वार्षिक लक्ष्य या राष्ट्रीय परिवेशी गुणवत्ता मानकों को प्राप्त करने का लक्ष्य प्रदान किया गया है।

व्यय विभाग के दिनांक 10.08.2021 के परिचालन दिशा-निर्देशों के अनुसार 15वें वित्त आयोग के वायु गुणवत्ता अनुदान के तहत शामिल किए गए 10 लाख से अधिक आबादी वाले 49 शहरों/नगरीय समूहों को PM10 सांद्रताओं में वार्षिक रूप से 15% तक की कमी लाने और 200 से कम वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) वाले अच्छे दिनों की संख्या में 15% का सुधार लाने का लक्ष्य प्रदान किया गया है।

15वें वित्त आयोग के मिलियन प्लस सिटी चेलेंज फंड (एमपीसीसीएफ) के तहत 10 लाख से अधिक आबादी वाले 49 शहरों/नगरीय समूहों को वायु गुणवत्ता कार्य-निष्पादन अनुदान प्रदान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 तक आबंटित, स्वीकृत, जारी की गई और व्यय की गई निधि का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-।।** में दिया गया है।

*****

**अनुबंध - I**

**एनसीएपी के अंतर्गत शामिल किए गए मानकों को पूरा न करने वाले और दस लाख से अधिक आबादी वाले 131 शहरों/नगरीय समूहों का ब्यौरा**

| **राज्य** | **क्र. सं.** | **शहर** |
|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 1 | अनंतपुर |
| | 2 | चित्तूर |
| | 3 | एलुरू |
| | 4 | गुंटूर |
| | 5 | कडप्पा |
| | 6 | कुरनूल |
| | 7 | नेल्लोर |
| | 8 | ओंगोल |
| | 9 | राजमहेंद्रवरम |
| | 10 | श्रीकाकुलम |
| | 11 | विजयवाडा |
| | 12 | विशाखापट्टनम |
| | 13 | विझियानगरम |
| असम | 14 | गुवाहाटी |
| | 15 | नागांव |
| | 16 | नलबारी |
| | 17 | सिलचर |
| | 18 | सिवसागर |
| बिहार | 19 | पटना |
| | 20 | गया |
| | 21 | मुज्जफरपुर |
| चंडीगढ़ | 22 | चंडीगढ़ |

| | | |
|---|---|---|
| छत्तीसगढ़ | 23 | कोरबा |
| | 24 | दुर्ग भिलाईनगर |
| | 25 | रायपुर |
| दिल्ली | 26 | दिल्ली |
| गुजरात | 27 | अहमदाबाद |
| | 28 | राजकोट |
| | 29 | सूरत |
| | 30 | वड़ोदरा |
| हरियाणा | 31 | फरीदाबाद |
| हिमाचल प्रदेश | 32 | बद्दी |
| | 33 | दामताल |
| | 34 | काला अंब |
| | 35 | नालागढ़ |
| | 36 | पौंटा साहिब |
| | 37 | परवानू |
| | 38 | सुंदर नगर |
| जम्मू और कश्मीर | 39 | जम्मू |
| | 40 | श्रीनगर |
| झारखंड | 41 | धनबाद |
| | 42 | जमशेदपुर |
| | 43 | रांची |
| कर्नाटक | 44 | बेंगलूरू |
| | 45 | दावणगेरे |
| | 46 | गुलबर्गा/कलबुर्गी |
| | 47 | हुबली-धारबाड़ |
| मध्य प्रदेश | 48 | भोपाल |
| | 49 | देवास |
| | 50 | ग्वालियर |

| | | |
|---|---|---|
| | 51 | इंदौर |
| | 52 | जबलपुर |
| | 53 | सागर |
| | 54 | उज्जैन |
| महाराष्ट्र | 55 | औरंगाबाद |
| | 56 | अकोला |
| | 57 | अमरावती |
| | 58 | बदलापुर |
| | 59 | चंद्रपुर |
| | 60 | वृहद मुंबई |
| | 61 | जलगांव |
| | 62 | जालना |
| | 63 | कोल्हापुर |
| | 64 | लातूर |
| | 65 | नागपुर |
| | 66 | नाशिक |
| | 67 | नवी मुंबई |
| | 68 | पुणे |
| | 69 | सांगली |
| | 70 | सोलापुर |
| | 71 | ठाणे |
| | 72 | उल्हासनगर |
| | 73 | वसई विरार |
| मेघालय | 74 | बरनीहाट |
| नागालैंड | 75 | दीमापुर |
| | 76 | कोहिमा |
| ओडिशा | 77 | अंगुल |

| | | |
|---|---|---|
| | 78 | बालसोर |
| | 79 | भुवनेश्वर |
| | 80 | कटक |
| | 81 | कलिंग नगर |
| | 82 | राऊरकेला |
| | 83 | तालचेर |
| पंजाब | 84 | अमृतसर |
| | 85 | डेरा बाबा नानक |
| | 86 | डेरा बस्सी |
| | 87 | जालंधर |
| | 88 | खन्ना |
| | 89 | लुधियाना |
| | 90 | मंडी गोबिंदगढ़ |
| | 91 | नया नांगल |
| | 92 | पटियाला |
| राजस्थान | 93 | जयपुर |
| | 94 | अलवर |
| | 95 | जोधपुर |
| | 96 | कोटा |
| | 97 | उदयपुर |
| तमिलनाडु | 98 | चेन्नै |
| | 99 | मदुरै |
| | 100 | त्रिच्ची |
| | 101 | तूतीकोरिन |
| तेलगांना | 102 | हैदराबाद |
| | 103 | नालगोंडा |
| | 104 | पाटेनचेरु |

| | | |
|---|---|---|
| | 105 | संगारेड्डी |
| उत्तर प्रदेश | 106 | आगरा |
| | 107 | इलाहाबाद |
| | 108 | गाजियाबाद |
| | 109 | कानपुर |
| | 110 | लखनऊ |
| | 111 | मेरठ |
| | 112 | वाराणसी |
| | 113 | अनपारा |
| | 114 | बरेली |
| | 115 | फिरोजाबाद |
| | 116 | गजरौला |
| | 117 | गोरखपुर |
| | 118 | झांसी |
| | 119 | खुर्जा |
| | 120 | मुरादाबाद |
| | 121 | नोएडा |
| | 122 | रायबरेली |
| उत्तराखंड | 123 | देहरादून |
| | 124 | काशीपुर |
| | 125 | ऋषिकेश |
| पश्चिम बंगाल | 126 | आसनसोल |
| | 127 | बैरकपुर |
| | 128 | दुर्गापुर |
| | 129 | हल्दिया |
| | 130 | हावड़ा |
| | 131 | कोलकाता |

**अनुबंध-II**

**15वें वित्त आयोग के तहत वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2023-24 (अक्तूबर, 2023) तक के दौरान आबंटित, स्वीकृत/जारी और उपयोग की गई निधि का राज्य-वार ब्यौरा**

**(करोड़ रुपये में)**

| राज्य | क्र.सं. | शहर | निधियों का आबंटन | स्वीकृत/ जारी निधि | उपयोग की गई निधि (अक्तूबर, 2023 तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक | वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक | वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक |
| आंध्र प्रदेश | 1 | विजयवाड़ा न.स. | 159.00 | 124.35 | 38.00 |
| | 2 | विशाखापटनम न.स. | 188.00 | 129.25 | 21.00 |
| बिहार | 3 | पटना न.स. | 527.00 | 288.57 | 201.00 |
| छत्तीसगढ़ | 4 | दुर्ग भिलाई न.स. | 134.00 | 112.35 | 33.95 |
| | 5 | रायपुर न.स. | 143.00 | 119.35 | 52.40 |
| गुजरात | 6 | अहमदाबाद न.स. | 469.00 | 359.54 | 261.61 |
| | 7 | राजकोट न.स. | 103.00 | 83.10 | 63.95 |
| | 8 | सूरत न.स. | 338.00 | 255.18 | 212.33 |
| | 9 | वड़ोदरा न.स. | 134.00 | 98.18 | 76.77 |
| हरियाणा | 10 | फरीदाबाद न.स. | 125.00 | 73.53 | 8.53 |
| झारखंड | 11 | धनबाद न.स. | 134.00 | 63.09 | 53.75 |
| | 12 | जमशेदपुर न.स. | 149.00 | 116.85 | 31.90 |
| | 13 | रांची न.स. | 127.00 | 93.50 | 45.82 |
| कर्नाटक | 14 | बृहत बेंगलूर न.स. | 718.00 | 535.10 | 305.47 |
| मध्य प्रदेश | 15 | भोपाल न.स. | 226.00 | 173.85 | 166.44 |
| | 16 | ग्वालियर न.स. | 132.00 | 92.64 | 79.90 |
| | 17 | इंदौर न.स. | 261.00 | 191.75 | 191.75 |
| | 18 | जबलपुर न.स. | 153.00 | 112.25 | 100.10 |
| महाराष्ट्र | 19 | औरंगाबाद न.स. | 82.00 | 68.10 | 53.91 |
| | 20 | बृहत मुंबई (जीएम) न.स. | 1257.00 | 929.09 | 595.04 |
| | 21 | बदलापुर जीएम न.स. | | | |
| | 22 | ठाणे जीएम न.स. | | | |
| | 23 | उल्हास नगर जीएम न.स. | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 24 | नवी मुंबई जीएम न.स. | | | |
| | 25 | नागपुर न.स. | 171.00 | 132.60 | 17.71 |
| | 26 | नाशिक न.स. | 107.00 | 91.35 | 6.45 |
| | 27 | पुणे न.स. | 346.00 | 261.85 | 55.57 |
| | 28 | वसई-विरार शहर न.स. | 83.00 | 72.35 | 19.80 |
| पंजाब | 29 | अमृतसर न.स. | 98.00 | 67.25 | 56.82 |
| | 30 | लुधियाना न.स. | 134.00 | 91.75 | 54.94 |
| राजस्थान | 31 | जोधपुर न.स. | 159.00 | 74.34 | 54.48 |
| | 32 | जयपुर न.स. | 425.00 | 319.85 | 248.40 |
| | 33 | कोटा न.स. | 139.00 | 95.20 | 54.54 |
| तमिलनाडु | 34 | चेन्नै न.स. | 467.00 | 367.00 | 367.51 |
| | 35 | मदुरै न.स. | 79.00 | 72.44 | 49.65 |
| | 36 | त्रिरुच्चिरापल्ली न.स. | 55.00 | 50.35 | 48.25 |
| तेलंगाना | 37 | हैदराबाद (एचवाई) न.स. | 603.00 | 443.50 | 384.58 |
| | 38 | पाटनचेरू एचवाई न.स. | | | |
| उत्तर प्रदेश | 39 | आगरा न.स. | 232.00 | 166.47 | 81.52 |
| | 40 | इलाहाबाद न.स. | 159.00 | 171.33 | 132.93 |
| | 41 | गाजियाबाद न.स. | 312.00 | 136.25 | 74.43 |
| | 42 | कानपुर न.स. | 383.00 | 239.89 | 175.98 |
| | 43 | लखनऊ न.स. | 382.00 | 376.38 | 179.25 |
| | 44 | मेरठ न.स. | 186.00 | 139.19 | 63.45 |
| | 45 | वाराणसी न.स. | 188.00 | 219.70 | 80.35 |
| पश्चिम बंगाल | 46 | आसनसोल न.स. | 88.00 | 67.60 | 37.26 |
| | 47 | कोलकाता (के) न.स. | 992.00 | 681.25 | 613.16 |
| | 48 | हावड़ा के न.स. | | | |
| | 49 | बैरकपुर न.स. | | | |
| **कुल** | | | **11347.00** | **8357.51** | **5450.65** |

*****